
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

25 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा का उद्देश्य तथ्यों का नहीं,

बल्कि मूल्यों का ज्ञान है।

विलियम एस बरोज़



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

## हरिभाऊ उपाध्याय का निधन 25 अगस्त



हरिभाऊ उपाध्याय का जन्म 24 मार्च 1892 को मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले के भौंरोसा नामक गांव में हुआ था। विद्यार्थी जीवन से ही उनके मन में साहित्य के प्रति चेतना जागृत हो गई थी। संस्कृत के नाटकको तथा अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासों के अध्ययन के बाद वे उपन्यास लेखन की  ओर अग्रसर हुए। पत्रकारिता जगत में प्रदार्पण हरीभाऊ उपाध्याय ने हिंदी सेवा से सार्वजनिक जीवन आरंभ किया और पहले पहल "औदुम्बर"  मासिक पत्र के प्रशासन द्वारा हिंदी पत्रकारिता जगत में पदार्पण किया। सबसे पहले सन 1911 में "औटुम्बुर" के संपादक बने। पढ़ते-पढ़ते ही इन्होंने इसके संपादन का कार्य भी आरंभ किया। महावीर प्रसाद द्विवेदी का सानिध्य "औटुम्बर" में अनेक विद्वानों के विविध विषयों से  समृद्ध पहली बार लेखमाला निकली, जिससे हिंदी भाषा की स्वाभाविक प्रगति हुई। इसका श्रेय हरिभाऊ के उत्साह एवं लगन को ही है। सन 1915 ईस्वी में हरिभाऊ उपाध्याय महावीर प्रसाद द्विवेदी के सानिध्य में आए हरिभाऊ स्वयं लिखते हैं कि, औटुम्बर की सेवाओं ने मुझे आचार्य द्विवेदी जी की सेवा में पहुंचाया। द्विवेदी जी के साथ "सरस्वती" में काम करने के पश्चात हरीभाऊ उपाध्याय ने "प्रताप", "हिंदी नवजीवन"(सन् 1921) और "प्रभा" के संपादन में योगदान दिया और स्वयं "मालव मयूर" नामक पत्र निकालने की योजना बनाई किंतु यह पत्र अधिक दिन नहीं चल सका। हिंदी साहित्य की सेवा हरिभाऊ उपाध्याय की हिंदी साहित्य को विशेष देन उनके द्वारा बहुमूल्य पुस्तकों का रूपांतरण है। हरिभाऊ का प्रयास हमें भारतेंदु काल की याद दिलाता है, जब प्राय: सभी हिंदी लेखक बंग्ला से हिंदी में अनुवाद करके साहित्य की अभिवृद्धि करते थे। अनुवाद करने में भी उन्होंने इस बात का सदा ध्यान रखा की पुस्तक की भाषा लेखक की भाषा और उसके व्यक्तित्व के अनुरूप हो। अनुवाद पढ़ने से यह अनुभव नहीं होता कि अनुवाद पढ़ रहे हैं यही अनुभव होता है कि मानो स्वयं मूल लेखक की ही वाणी और विचारधारा अविरल रूप से उसी मूल स्रोत से बढह रही है। इस प्रकार हरिभाऊ ने अपने साथी जननायकों के ग्रन्थों का अनुवाद करके हिंदी साहित्य को व्यापकता प्रदान की। 25अगस्त 1972 को इनका देहांत हुआ।

# पुण्यतिथि विशेष 25 अगस्त




**नील एल्डन आर्मस्ट्रांग** (5 अगस्त, 1930 - 25 अगस्त, 2012) एक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और वैमानिकी इंजीनियर थे, जो 1969 के अपोलो 11 मिशन के कमांडर के रूप में चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति बने। वे एक नौसैनिक एविएटर, परीक्षण पायलट और विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी थे।

# अम्ल , क्षार और लवण

## सोडियम हाइड्रोक्साइड

उपयोग

1. धातुओं से ग्रीज़ हटाने के लिए
2. साबुन और अपमार्जक बनाने में
3. कागज़ बनाने के लिए

## हाइड्रोजन

1. रॉकेट में द्रवित ईंधन के रूप में
2. मार्गरीन बनाने में
3. अमोनिया बनाने में

## क्लोरीन

1. जल के शुद्धिकरण में
2. कीटनाशक बनाने में
3. सी. एफ. सी. के निर्माण में

# Teachers of Bihar
The change makers

## MATH TLM
Class-6to8

11

## भिन्न का आरोही/अवरोही क्रम

### जब हर समान हो तो

- अंश बड़ा तो भिन्न बड़ी
- अंश छोटा तो भिन्न छोटी

जैसे -9/7,19/7,5/7,10/7,20/7 में सबसे बड़ी भिन्न 20/7 है और सबसे छोटी 5/7 है।

### जब अंश समान हो तो

- हर छोटा तो भिन्न बड़ी
- हर बड़ा तो भिन्न छोटी

जैसे -10/20,10/5,10/40,10/13 में सबसे बड़ी भिन्न 10/5 है तथा सबसे छोटी भिन्न 10/40 है।

Anu Priya, Science Teacher

TOB

खेल कॉर्नर

# सोनीपत की बेटी ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता गोल्ड: बुल्गारिया में चीन की पहलवान को हराया; दूसरी बार विश्व चैंपियन बनी, पिता टैक्सी ड्राइवर

कुश्ती



सोनीपत जिले की युवा पहलवान काजल ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित U-20 विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। टैक्सी ड्राइवर की बेटी ने 9 साल की उम्र में कुश्ती की शुरुआत करने वाली खिलाड़ी काजल ने अपने दमखम से एक बार फिर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.08.2025

## आत्म-अनुशासन

आत्म-अनुशासन (**Self-discipline**) स्वयं को नियंत्रित करने, अपनी भावनाओं और इच्छाओं को वश में रखने और अपने लक्ष्य को पाने के लिए सही काम करने की क्षमता है, भले ही मन न हो. यह एक ऐसा कौशल है जिसे सीखा और विकसित किया जा सकता है, और यह टालमटोल से बचने, बुरी आदतों को दूर करने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान






**इंग्लैंड कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी इतनी प्राचीन है कि इसकी स्थापना की सही तारीख आज तक किसी को नहीं पता, लेकिन इतिहास में पहली बार 1096 में इसका ज़िक्र मिलता है जिससे ये दुनिया के सबसे पुराने शिक्षण संस्थानों में से एक मानी जाती है।**

# Teachers of Bihar

The change makers




## गुणकारी सब्जियां



### बैंगन

मुझमें नियासिन, थायमिन ,vit.C, राइबोफ्लेविन, vit.B6 ,vit.A, फोलेट vit.K, बीटा कैरोटीन और vit.E पाया जाता है।

Anu priya


पद्य पंकज
"
समय शेष है,
नहीं पाप का भागी केवल व्याध
जो तथस्थ है,
समय लिखेगा उनका भी अपराध।
रामधारी सिंह दिनकर
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya

# ToB बूझो तो जानें..

533

ऐसी कौन सी चीज है जिसके पास एक आंख है लेकिन देख नहीं सकता ..बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

25
अगस्त




भारत के प्रसिद्ध साहित्यसेवी
एवं राष्ट्रकर्मी

## हरिभाऊ उपाध्याय

की  पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि
नमन।

24 मार्च 1892-25 अगस्त 1972

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मंडल आयोग के अध्यक्ष, दबे-कुचले
एवं पिछड़ों को उनका हक दिलाने वाले
बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री
बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 25 अगस्त 1918
मृत्यु - 13 अप्रैल 1982
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# शैक्षिक पोस्ट नियमावली- 1

## सभी शिक्षकों से विनम्र निवेदन

कृपया ध्यान दें कि किसी भी डॉक्युमेंट्री, प्रोजेक्ट कार्य या शैक्षणिक गतिविधियों में **फिल्मी गानों** के स्थान पर शास्त्रीय संगीत अथवा अन्य उपयुक्त संगीत या वीडियो का उपयोग किया जाए। इससे न केवल प्रस्तुतिकरण की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि सांस्कृतिक और शैक्षिक महत्व भी उजागर होगा। आपका सहयोग अपेक्षित है।

धन्यवाद।

# शैक्षिक पोस्ट नियमावली- 2

## सभी शिक्षकों से विनम्र निवेदन

**कृपया अपने पोस्ट में गतिविधि/कार्यक्रम/अवसर के नाम और उद्देश्य के साथ-साथ विद्यालय का नाम व पता अवश्य लिखें। ऐसा करने से अन्य सदस्यों को भी सुविधा होगी और हमारी टीम आपके विद्यालय के नाम के साथ आपके प्रयासों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर सकेगी।**

**आपका सहयोग अपेक्षित है।**

**धन्यवाद।**

**'टीम टीचर्स ऑफ बिहार'**

# शैक्षिक पोस्ट नियमावली- 3

## सभी शिक्षकों से विनम्र निवेदन

**संभावित तकनीकी समस्याओं के मद्देनज़र हमारी टीम ने फैसला लिया है कि ग्रुप में शेयर्ड पोस्ट अप्रूव नहीं किया जाएगा। कृपया अपनी आई डी से सीधे ग्रुप में पोस्ट करें, ग्रुप से बाहर किये पोस्ट को ToB ग्रुप में शेयर ना करें।**

**आपका सहयोग अपेक्षित है।**

**धन्यवाद**

**टीम टीचर्स ऑफ़ बिहार**

www.teachersofbihar.org

# शैक्षिक पोस्ट नियमावली- 4

## सभी शिक्षकों से विनम्र निवेदन

**अपने पोस्ट के मीडिया कंटेंट (फोटो/वीडियो) के उपर कोई टेक्स्ट, लोगो या स्टीकर ना डालें। इस से मीडिया कंटेंट स्पष्ट रहेगा तथा आपके कार्यों/प्रयासों को हम बेहतर शीर्षक/विवरण के साथ संपादित कर प्रचारित कर सकेंगे।**

**आपका सहयोग अपेक्षित है।**
**धन्यवाद**
**टीम टीचर्स ऑफ़ बिहार**

www.teachersofbihar.org

# शैक्षिक पोस्ट नियमावली -5

सभी सदस्यों को सुचित किया जाता है कि **Teachers of Bihar** समूह में साझा किए जाने वाले किसी भी प्रकार के फोटो अथवा वीडियो पर **फ़िल्टर, इफेक्ट्स अथवा अनावश्यक संपादन** का प्रयोग वर्जित है।

इस प्रकार के प्रयोग से **सामग्री की मौलिकता एवं प्रामाणिकता** प्रभावित होती है।

**समूह का उद्देश्य वास्तविक एवं विश्वसनीय शैक्षणिक गतिविधियों को प्रदर्शित करना है।**

अतः सभी सदस्य यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में समूह में साझा किया जाने वाला कोई भी फोटो या वीडियो बिना फ़िल्टर एवं मूल स्वरूप में ही प्रस्तुत किया जाए।

**कृपया उपरोक्त निर्देश का पालन अनिवार्य रूप से करें।**

आपका सहयोग अपेक्षित हैं ।
धन्यवाद
टीम टीचर्स ऑफ बिहार